नवसर्जन संस्कृति

RNI No. GJHIN/25/A2786
NAVSARJAN SANSKRUTI

नवसर्जन संस्कृति

अहमदाबाद से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 040
दि. 12.11.2025,
बुधवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : JIGNESHKUMAR PETHABHAI VAGHELA Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.

Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 ● Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com ● Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com ● Website : www.navsarjansanskruti.com

बिहार में फिर नीतीश की लहर: एग्जिट पोल्स में एनडीए को भारी बढ़त, महागठबंधन को करारा झटका, महिला मतदाता बने जीत की कुंजी

(जीएनएस)। पटना। बिहार की राजनीति में एक बार फिर 'नीतीश युग' लौटने की संभावना जताई जा रही है। दोनों चरणों के मतदान के बाद जारी 17 अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल्स के औसत नतीजों में एनडीए को स्पष्ट और आरामदायक बहुमत मिलता दिख रहा है। अगर ये अनुमान सही साबित होते हैं तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज होंगे और "फिर एक बार नीतीश सरकार" का नारा हकीकत में बदल जाएगा। इन पोल्स के मुताबिक एनडीए को 154 सीटें, महागठबंधन को 83 सीटें, और अन्य को 5 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी जो पहली बार विधानसभा चुनाव में उतरी, उसे केवल 3 से 5 सीटों का अनुमान मिला है। यह नतीजे बिहार के राजनीतिक समीकरणों को एक बार फिर बदलते हुए दिख रहे हैं, जहां नीतीश कुमार ने एक बार फिर महिला, ग्रामीण और पिछड़े तबकों के वोटों पर निर्णायक पकड़ बना ली है। 243 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 122 है, और एनडीए का यह अनुमानित प्रदर्शन उसे बहुमत से काफी आगे ले जाता है। यह न केवल एनडीए के लिए राहत भरी खबर है, बल्कि उन राजनीतिक विश्लेषकों के लिए भी चौंकाने वाला है जो मानते थे कि इस बार एंटी-इनकंबेंसी (विरोधी लहर) नीतीश के लिए चुनौती बनेगी।



महागठबंधन की मुश्किलें और लालू परिवार की चिंता

दूसरी ओर, महागठबंधन के लिए यह नतीजे चिंताजनक हैं। तेजस्वी यादव ने इस बार बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर आक्रामक चुनाव अभियान चलाया था, लेकिन नतीजों के अनुमान बताते हैं कि ग्रामीण और महिला वोटरों का बड़ा हिस्सा उनके साथ नहीं गया। कांग्रेस भी अपने पारंपरिक गढ़ों में कमजोर दिख रही है, जबकि वामदलों की हिस्सेदारी सीमित रही। महागठबंधन का वोट प्रतिशत इस बार लगभग 36-38% के बीच रह सकता है, जबकि एनडीए का औसत वोट शेयर 43-44% तक पहुंचने का अनुमान है।

इतिहास का सबसे ज्यादा मतदान महिला वोटरों का निर्णायक प्रभाव

इस बार बिहार ने मतदान के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। पहले चरण में 121 सीटों पर 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 122 सीटों पर 68.5 प्रतिशत मतदान हुआ — यह बिहार के चुनावी इतिहास में सबसे ऊंचा आंकड़ा है। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि इस बार महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही, जो नीतीश कुमार के लिए शुभ संकेत है। नीतीश कुमार का महिला वोट बैंक हमेशा से उनकी राजनीतिक नींव रहा है — चाहे शराबबंदी का कानून हो, पंचायतों में 50% आरक्षण या छात्राओं को साइकिल देने की योजना। इस बार भी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत लाखों महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई, जिसने वोटिंग पैटर्न को काफी प्रभावित किया। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं ने एक बार फिर "स्थिरता और सुरक्षा" के नाम पर नीतीश कुमार पर भरोसा जताया, जबकि विपक्ष के वादे उन्हें आश्वस्त नहीं कर सके।

प्रशांत किशोर की 'जनसुराज' — अभी लंबा रास्ता बाकी

प्रशांत किशोर ने राजनीति में एक नया प्रयोग करते हुए "जनसुराज" आंदोलन के साथ सीधे मैदान में उतरने का फैसला किया था। उन्होंने दावा किया था कि जनता बदलाव चाहती है और पारंपरिक पार्टियों से थक चुकी है। लेकिन एग्जिट पोल्स के आंकड़े बताते हैं कि उनकी पार्टी राज्य स्तर पर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि जनसुराज का वोट शेयर कुछ खास सीटों पर महागठबंधन को नुकसान पहुंचा सकता है, खासकर उन इलाकों में जहां पिछड़े और युवा वोटर्स की भूमिका निर्णायक थी। बिहार के चुनावी इतिहास में एग्जिट पोल्स का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा है। 2015 में लगभग सभी सर्वेक्षणों ने एनडीए को बहुमत का अनुमान दिया था, जबकि परिणामों में महागठबंधन ने भारी जीत दर्ज की थी। वहीं 2020 में हालात उलटे रहे — पोल्स ने महागठबंधन को आगे दिखाया, लेकिन नतीजों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। इसलिए इस बार भी राजनीतिक विश्लेषक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि "बिहार का वोटर आखिरी पल तक अपने मन की बात जाहिर नहीं करता," और कई बार एग्जिट पोल्स उस सूक्ष्म सामाजिक गणित को पकड़ने में असफल रहते हैं जो बिहार की राजनीति को दिशा देता है।

दिल्ली धमाके के गुनहगारों को सजा मिलेगी, कोई नहीं बचेगा : प्रधानमंत्री मोदी का भूटान से सख्त संदेश

(जीएनएस)। थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान की धरती से दिल्ली धमाके पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस कायराना हमले के दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह भारत पर हमला नहीं, बल्कि मानवता पर प्रहार है, और देश की एजेंसियां इसकी साजिश की जड़ तक जाकर हर एक जिम्मेदार व्यक्ति को कानून के कटघरे में खड़ा करेंगी।

प्रधानमंत्री मोदी इस समय भूटान के दो दिवसीय राजकीय दौरे पर हैं, जहां वे भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मोत्सव समारोह में भाग लेने पहुंचे। थिम्फू के चांगलीमेथांग सेलिब्रेशन ग्राउंड में आयोजित समारोह के मंच से उन्होंने दिल्ली धमाके पर पहली बार खुलकर बयान दिया। भावुक स्वर में प्रधानमंत्री ने कहा, "मैं आज यहां एक भारी मन से आया हूं। दिल्ली में हुआ भयानक विस्फोट पूरे भारत को हिला देने वाला है। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके दुख में पूरा देश सहभागी है। मेरी संवेदनाएं हर उस परिवार के साथ हैं, जिसने इस हादसे में अपनों को खो दिया।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली धमाके के

बाद वे लगातार जांच एजेंसियों और वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं। "हम हर सुराग, हर कड़ी को जोड़ रहे हैं। यह साजिश कितनी गहरी है, यह सामने आएगा। लेकिन एक बात मैं साफ कह देना चाहता हूं — भारत अब किसी आतंकी मानसिकता या हिंसा के आगे झुकेगा नहीं। जो लोग निर्दोषों का खून बहाते हैं, वे कानून से बच नहीं सकते," उन्होंने कहा।

भूटान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के नरेश और नागरिकों के साथ मिलकर दिल्ली धमाके के पीड़ितों की आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा। पूरा कार्यक्रम स्थल उस समय गंभीर वातावरण में डूब गया जब भूटानी नागरिकों ने भारत के साथ एकजुटता दिखाते हुए खामोशी से श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने भारत और भूटान के ऐतिहासिक संबंधों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच आध्यात्मिक और सांस्कृतिक बंधन हजारों साल पुराने हैं। "भूटान की भूमि करुणा, शांति और बुद्धत्व की चेतना से ओत-प्रोत है। यही भावना भारत-भूटान की साझेदारी की आत्मा है," मोदी ने कहा।

भूटान के चौथे राजा की दूरदर्शी नीतियों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भूटान ने दुनिया को दिखाया है कि आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। उन्होंने 'सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता' (Gross National Happiness) की अवधारणा को विश्व के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि भूटान ने जिस तरह खुशी को विकास का मानक बनाया है, वह मानव सभ्यता के लिए एक नई सोच है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और भूटान के बीच ऊर्जा सहयोग दोनों देशों के आर्थिक संबंधों की रीढ़ बन चुका है। "पनबिजली परियोजनाएं केवल ऊर्जा नहीं, बल्कि साझा समृद्धि का प्रतीक हैं। हमारे युवाओं के बीच बढ़ता नवाचार और तकनीकी सहयोग आने वाले वर्षों में दक्षिण एशिया की दिशा तय करेगा," उन्होंने कहा।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के दौरान वहां मौजूद हजारों भूटानी नागरिकों ने "भारत-भूटान मित्रता अमर रहे" के नारों से पूरा मैदान गूंजा दिया।

भूटान की शांत घाटियों से उठे प्रधानमंत्री मोदी के ये सख्त शब्द न केवल भारत के भीतर आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई का संकेत देते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि भारत अब किसी भी आतंकी चुनौती का जवाब सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि निर्णायक कदमों से देगा।

दिल्ली धमाके के तार यूपी से जुड़े, एटीएस ने डॉ. आदिल के दो सहयोगियों को दबोचा

(जीएनएस)। नई दिल्ली/लखनऊ/सहारनपुर। दिल्ली के लालकिले के पास सोमवार शाम हुए भीषण धमाके के बाद पूरे उत्तर भारत में खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर हैं। विस्फोट में आतंकी साजिश के संकेत मिलने के बाद उत्तर प्रदेश एटीएस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई जगह छापेमारी की और जम्मू-कश्मीर के आतंकी डॉ. आदिल अहमद राठर के दो नजदीकी सहयोगियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, एटीएस की टीम ने लखनऊ, सहारनपुर और शामली में एक साथ दबिश दी। लखनऊ के लालबाग क्षेत्र में रहने वाली डॉक्टर शाहीन के घर पहुंचकर टीम ने उनके परिजनों से घंटों तक पूछताछ की। डॉ. शाहीन को कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था, जहां से भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए थे। जांच एजेंसियों को शक है कि शाहीन और आदिल, दोनों एक ही आतंकी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। शाहीन के पिता ने बताया कि उनकी बेटी करीब डेढ़ साल से परिवार से संपर्क में नहीं थी और पिछले दो वर्षों से घर भी नहीं लौटी थी। उन्होंने कहा, "हमें नहीं पता था कि वह

किससे जुड़ी हुई है। हम चाहते हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो ताकि सच्चाई सामने आ सके।"

सूत्रों के मुताबिक, यूपी एटीएस को जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली गुप्त सूचना के बाद यह कार्रवाई की गई। दोनों राज्यों की संयुक्त टीम ने सहारनपुर के अंबाला रोड स्थित एक मकान से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जो डॉ. आदिल के करीबी बताए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों से गहन पूछताछ जारी है और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए गए हैं।

डॉ. आदिल अहमद राठर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले का रहने वाला है और कुछ महीने पहले तक सहारनपुर के एक निजी अस्पताल 'फेमस हॉस्पिटल' में मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत था। जांच एजेंसियों को शक है कि अस्पताल की आड़ में वह आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े लोगों को वित्तीय और लॉजिस्टिक मदद पहुंचा रहा था।

गौरतलब है कि आदिल को 28 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान की थी, जिसमें वह जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर चिपकाते हुए दिखाई दिया था। उसी जांच के बाद फरीदाबाद से विस्फोटक बरामद हुए थे और अब दिल्ली धमाके से उसके नेटवर्क की कड़ियां मिलने लगी हैं।

एटीएस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। मोबाइल डेटा, बैंक ट्रांजैक्शन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स की जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि दिल्ली धमाके के पीछे कौन-कौन शामिल था। अधिकारियों के मुताबिक, यह नेटवर्क न सिर्फ जम्मू-कश्मीर बल्कि हरियाणा, यूपी और दिल्ली तक फैला हुआ है।

राजधानी में सोमवार शाम लालकिले के पास खड़ी एक कार में हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी थी। धमाके में आठ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हुए थे। शुरुआती जांच में पता चला कि कार में अत्याधुनिक विस्फोटक लगाया गया था, जो रिमोट से डिटोनेट किया गया। अब एटीएस, एनआईए और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मिलकर इस पूरे मॉड्यूल को उजागर करने में जुटी हैं।

खुफिया सूत्रों का कहना है कि यह मामला एक बड़े आतंकी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी में दहशत फैलाना था।

दिल्ली ब्लास्ट: जब टैटू, नीली शर्ट और जिस्म के चिथड़े बने पहचान का जरिया लाल किले के पास हुआ वो धमाका जिसने झकझोर दिया पूरा देश

(जीएनएस)। दिल्ली में हुआ वो धमाका जिसने सब कुछ बदल दिया। एक पल पहले जो सड़कें आवाजों, हंसी और चहल-पहल से गूंज रही थीं, अगले ही पल वही सड़कें चीखों और सन्नाटे में डूब गईं। लाल किले के मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार की शाम को हुए इस भयानक ब्लास्ट ने ऐसा खौफ और दर्द छोड़ा कि उसकी गूंज अब भी लोगों के दिलों में गहराई तक उतर गई है। शाम के ठीक 6 बजकर 52 मिनट पर हुआ वो धमाका जिसने दस जिंदगियों को पलभर में खत्म कर दिया। किसी का सिर धड़ से अलग था, किसी के पैर और हाथ शरीर से उड़ चुके थे, और कुछ शव ऐसे थे जिन्हें पहचानना तक नामुमकिन हो गया था। एलएनजेपी अस्पताल के बाहर रात भर मातम पसरा रहा। जिन आंखों ने अपने बच्चों को हंसते देखा था, अब वही आंखें अस्पताल की ठंडी जमीन पर उन शवों के बीच तलाश कर रही थीं जिन्हें सिर्फ टैटू या फटे कपड़ों के टुकड़ों से पहचानना पड़ा। जो मां एक आहट से अपने बेटे को पहचान लेती है, उसे अब अपने बच्चे को उसकी नीली शर्ट, आधी जली जैकेट या बांह पर बने एक छोटे से टैटू से पहचानना पड़ा।

चांदनी चौक के रहने वाले 34 साल के अमर कटारिया भी उसी हादसे का हिस्सा बन गए थे। वो दवाइयों का कारोबार करते थे। धमाके के वक्त वहीं थे। जब परिवार ने उन्हें खोजा तो सिर्फ जले हुए शरीर के अवशेष मिले। पहचान कर पाना असंभव था, पर उनकी बांह पर बना एक टैटू उन्हें पहचानने का जरिया बना। परिवार ने बताया कि वह टैटू अमर ने अपनी मां, पिता और पत्नी के नाम पर बनवाया था। वह निशान अब परिवार की यादों का एकमात्र सहारा रह गया। इसी हादसे में मोहम्मद जुम्मन नाम का एक रिक्शा चालक भी मारा गया। 35 साल का जुम्मन अपने घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी पत्नी दिव्यांग है और तीन छोटे बच्चे हैं। जब वह सोमवार शाम को रोज की तरह रिक्शा लेकर लाल किले के इलाके में निकला था, तब किसी को क्या पता था कि यह उसका आखिरी सफर होगा। देर रात तक परिवार उसका इंतज़ार करता रहा, फोन करते रहे, पर कोई जवाब नहीं मिला। रात करीब 9 बजे उसका मोबाइल सिग्नल बंद हो गया। सुबह पुलिस ने अस्पताल में बुलाया — और वहीं, जले हुए कपड़ों के बीच एक नीली शर्ट और आधी फटी जैकेट देखकर परिवार की उम्मीदें टूट गईं। वो नीली शर्ट अब उसके होने का सबूत थी।

इसी तरह 30 साल के पंकज साहनी की भी कहानी उतनी ही दर्दनाक है। वो कैब ड्राइवर था। शाम करीब साढ़े पांच बजे वो पुरानी दिल्ली इलाके में एक सवारी छोड़ने गया था। घर वालों ने रात 9 बजे खबर सुनी कि लाल किले के पास ब्लास्ट हुआ है। जब पिता ने फोन लगाया, तो उधर से कोई आवाज नहीं आई। देर रात पुलिस का फोन आया और सवाल हुआ — "आपके बेटे ने क्या पहना था?" पिता ने जवाब दिया — "शर्ट और नीली जींस।" कुछ ही देर बाद उन्हें अस्पताल बुलाया गया। पिता ने सोचा शायद बेटा घायल होगा, लेकिन जब उन्हें उस कमरे में ले जाया गया जहां शव रखे थे, तो वहां सिर्फ एक जला हुआ शरीर था जिसे उन्होंने अपने बेटे के कपड़ों से पहचाना। लाल किले के पास अब भी उस मंजर के निशान बाकी हैं। जले हुए वाहन, टूटे शीशे, फटे कपड़ों के टुकड़े, और चारों ओर फैली बारूद की गंध। ये गवाही देते हैं कि कैसे एक पल में इंसान की बनाई दुनिया राख बन सकती है। उन गलियों में अब भी मातम है, अस्पतालों में अब भी चीखें हैं, और उन परिवारों के दिलों में वो दर्द है जो शायद कभी खत्म नहीं होगा।

डेविड स्ज़ेले बने बुकर पुरस्कार विजेता, उपन्यास 'फ्लेश' ने छुआ प्रवासी जीवन का दर्द और संघर्ष का यथार्थ

(जीएनएस)। लंदन। साहित्य की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक बुकर पुरस्कार इस बार ब्रिटिश लेखक डेविड स्ज़ेले को उनके उपन्यास 'फ्लेश' के लिए मिला है। हंगरी में जन्मे और ब्रिटेन में बस चुके स्ज़ेले ने अपनी इस कृति में प्रवासी जीवन की उलझनों, श्रमिक वर्ग की जद्दोजहद और पहचान की तलाश को बेहद मानवीय दृष्टिकोण से उकेरा है। यह उपन्यास आधुनिक समाज में व्यक्ति के अस्तित्व की लड़ाई, प्रेम और अकेलेपन के भावों को एक साथ पिरोता है।



51 वर्षीय स्ज़ेले ने इस सम्मान की दौड़ में ब्रिटिश लेखक एंड्रयू मिलर और भारतीय मूल की लेखिका किरण देसाई सहित पाँच अन्य चर्चित लेखकों को पीछे छोड़ दिया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी। साहित्य समीक्षकों के अनुसार, 'फ्लेश' वह दुर्लभ उपन्यास है जो अपनी सहजता में गहराई और सादगी में तीव्रता रखता है।

बुकर जूरी के सदस्य और आयरिश लेखक रॉडी डॉयल ने कहा, "डेविड स्ज़ेले की लेखनी जीवन की विसंगतियों को उतनी ही सरलता से दिखाती है जितनी गहराई से वह आत्मा के भीतर झांकती है। 'फ्लेश' एक ऐसा उपन्यास है जो सामान्य जीवन की परतों में छिपे असाधारण को उजागर करता है।" निर्णायक मंडल में रॉडी डॉयल के साथ अभिनेत्री सारा जेसिका पार्कर सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल थीं, जिन्होंने 153 उपन्यासों में से सर्वसम्मति से 'फ्लेश' को विजेता चुना।

उपन्यास की कहानी इस्तवान नामक पात्र के इर्द-गिर्द घूमती है — एक हंगरी का साधारण युवक जो किशोरावस्था में एक बड़ी उम्र की महिला से अपने पहले प्रेम का अनुभव करता है और फिर ब्रिटेन जाकर नए जीवन की तलाश में संघर्ष करता है। उसका सफर प्रेम, हानि, अस्वीकार और आत्मपहचान की तलाश का प्रतीक बन जाता है। उपन्यास में अप्रवासी जीवन की जटिलताओं और पश्चिमी समाज की वर्गीय सीमाओं को बड़ी बारीकी से प्रस्तुत किया गया है।

डेविड स्ज़ेले ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा, "यह कहानी सिर्फ मेरे पात्र इस्तवान की नहीं, बल्कि उन तमाम लोगों की है जो अपने देश छोड़कर नए सपनों की तलाश में निकलते हैं। 'फ्लेश' उनके भीतर के दर्द और उम्मीद की आवाज़ है।"

साहित्यिक आलोचकों का मानना है कि यह उपन्यास प्रवासी अनुभवों की परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ता है — जहाँ पहचान और अस्मिता की लड़ाई किसी राष्ट्र की नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मा की हो जाती है। 'फ्लेश' को आने वाले समय में यूरोपीय प्रवासी साहित्य की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

नवसर्जन संस्कृति
हिन्दी

JioTV
CHENNAL NO.
2063

Jio Air Fiber
Jio Tv +
Jio Fiber
Daily Hunt
ebaba Tv
Dish Plus
DTH live OTT
Rock TV
Airtel
Amezone Fire
Rocu Tv-US.UK

देश-दुनिया के नवीनतम समाचार
प्राप्त करने के लिए आज ही
नवसर्जन संस्कृति हिंदी चेनल देखिये

संपादकीय

बड़ी आतंकी साजिश के खुलते सूत्र

सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए धमाके में कुछ अनमोल जिंदगियों का खत्म होना बेहद दुखद है। काफी संख्या में लोगों के घायल होने की भी खबरें हैं। धमाके के बाद आसपास के कई वाहनों में लगी आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी। पहली नजर में पुलिस इसे आतंकी घटना मानकर चल रही है। इसे संयोग मानें या दुर्योग कि आतंकवादियों के किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान को निशाने बनाने से पहले कार में ही धमाका हो गया। देश की केंद्रीय एजेंसियां आतंकवादियों की साजिश को बेनकाब करने में जुटी हैं। पहले फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में राज्य और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की साझा रेड में करीब तीन हजार किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपी कश्मीरी मूल के बताए जाते हैं। इससे पहले रविवार को गांव के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की बात कही जा रही है। कल पुलिस ने दूसरे घर से 2,563 संदिग्ध विस्फोटक की बरामदगी की है। बताया जाता है कि एक मौलाना ने यह घर एक डॉ. मुजामिल ने किराये पर लिया हुआ था। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि इस विस्फोटक का कहां इस्तेमाल किया जाना था और क्या इनके किसी आतंकी संगठन से तार जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर के फरीदाबाद स्थित ठिकाने से अधिकारियों ने अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रासायनिक पदार्थों सहित आईईडी बनाने की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जाहिर है, देश के भीतर बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रची जा रही थी। इस मामले में मिल रही चौंकाने वाली जानकारी इसी ओर संकेत कर रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस दावा कर रही है कि उसने विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवर चिकित्सकों के एक कट्टरपंथी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। आधिकारिक सूत्र दावा कर रहे हैं कि इस साजिश का खुलासा उस समय हुआ जब श्रीनगर के नोगाम इलाके में एक पोस्टर लगा दिखा, जिसमें दुकानदारों को केंद्रीय एजेंसियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पोस्टर लगाने वाले जिस व्यक्ति की शिनाख्त हुई, वह सहारनपुर में कश्मीरी मूल का डॉक्टर अदील निकला। पूछताछ में उसके श्रीनगर में कुछ अन्य डॉक्टरों से संबंधों का खुलासा हुआ। डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में डॉ. मुजामिल सहित अन्य डॉक्टरों की पहचान हुई। बताते हैं कि फरीदाबाद स्थित एक क्लीनिक से ही बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मानवता की सेवा की शपथ लेकर चिकित्सा के पेशे में आने वाले लोग कैसे कट्टरपंथ के चलते लोगों की जिंदगी छीनने वाले खौफनाक खेल का हिस्सा बन गए। जाहिर है, इस मॉड्यूल का मकसद देश के विभिन्न हिस्सों में धमाकों के जरिये दशहत फैलाना ही रहा होगा। निश्चय ही बड़ी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी तथा आईईडी बनाने के सामान बरामद होना किसी बड़ी साजिश की ओर ही इशारा कर रहा है। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान दिल्ली में हुआ यह पहला बड़ा धमाका सरकार की चिंता बढ़ाने वाला है। लाल किले मेट्रो स्टेशन के निकट हुए धमाके में इस्तेमाल कार में बैठे एक घायल व्यक्ति की गिरफ्तारी की खबर कुछ सूचना माध्यमों में देखी गई। यदि वाकई गिरफ्तार व्यक्ति साजिशकर्ताओं का साथी निकला तो पुलिस को इस आतंकी षड्यंत्र की तह तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। जिससे अनेक लोगों को किसी बड़ी आतंकी साजिश का शिकार होने से बचाया जा सकेगा। संभव है कि इस देशी मॉड्यूल को पाक पोषित किसी बड़े आतंकी संगठन की शह मिली हो। बहरहाल, दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने का सबक जरूर दिया है। गृह मंत्रालय व एनआई, एफएसएल, एनआईए, एनएसजी आदि विभिन्न एजेंसियों की सक्रियता बता रही है कि सरकार घटना को गंभीरता से ले रही है। विश्वास करें कि सुरक्षा एजेंसियां धमाके करने वालों तक पहुंचने में शीघ्र कामयाब हो सकेंगी।

अंतरिक्ष में भारतीय संचार का नया सितारा सीएमएस-03

> “इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था।

पिछले दिनों श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3-एम5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-03 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है। 'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया।

एलवीएम3-एम5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी। भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज़ इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा।

एलवीएम3-एम5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी. नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।'

एलवीएम3-एम5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-03 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-03 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है। यह उस युग का उद्घोष है, जिसमें भारत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नेतृत्व की भूमिका निभाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की प्रतिभा, अनुशासन और धैर्य का कोई विकल्प नहीं। 'बाहुबली' की यह उड़ान आने वाले दशकों तक भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। यह केवल एक प्रक्षेपण नहीं बल्कि भारत की उस उड़ान का प्रतीक है, जो अपनी शक्ति, अपनी तकनीक और अपने संकल्प के बल पर सीमाओं से परे अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। निश्चय ही 'बाहुबली' की यह उड़ान भारत की अंतरिक्ष यात्रा के स्वर्ण युग की शुरुआत है, जहां सीमाएं नहीं, केवल ऊंचाईयां हैं।

प्रेरणा

गौतम बुद्ध और दंभी जमींदार की कथा — अहंकार से आत्मज्ञान तक का उजाला

प्राचीन भारत का वह समय था जब राजगृह की धरती पर सुख और समृद्धि के साथ-साथ अहंकार का विष भी फैल चुका था। राजाओं और जमींदारों के बीच अपने वैभव का प्रदर्शन एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा बन चुका था। उसी नगर में एक अत्यंत संपन्न जमींदार रहता था, जिसके पास असंख्य खेत, अन्नागार, सोने-चाँदी के आभूषण, हाथी-घोड़े और सैकड़ों नौकर थे। उसका नाम अमरसेन था। नगर में शायद ही कोई व्यक्ति हो जो उसकी संपत्ति की बराबरी कर सके। लेकिन जितना बड़ा उसका वैभव था, उतना ही गहरा उसका अभिमान था। उसे विश्वास था कि संसार में धन ही सबसे बड़ा बल है, और गरीब मनुष्य केवल उसके चरणों की धूल मात्र हैं। वह स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझता, और जब कोई निर्धन व्यक्ति उससे मिलने आता, तो उसे दरवाज़े पर ही रोक देता।

एक दिन नगर में चर्चा फैल गई कि महात्मा गौतम बुद्ध राजगृह के उपवन में पधारे हैं। लोग कहते थे कि उनके उपदेश सुनकर सबसे क्रूर व्यक्ति भी करुणामय बन जाता है। कोई उन्हें "जगज्ज्योति" कहता, कोई "तथागत", तो कोई "ज्ञान के सागर"। लेकिन अमरसेन के मन में श्रद्धा नहीं, बल्कि जिज्ञासा और चुनौती का भाव पैदा हुआ। उसने मन ही मन कहा—"चलो, देखते हैं, यह संन्यासी अपने उपदेशों से क्या कर दिखाता है। क्या वह मेरे जैसे धनी और प्रभावशाली व्यक्ति को कुछ सिखा भी सकता है?"

दूसरे ही दिन सुबह उसने अपने सबसे सुंदर वस्त्र पहने, सोने की जंजीरें और रत्नों से जड़ी अंगूठियाँ डालीं, और अपने शानदार रथ पर सवार हुआ। चार घोड़े, नौकरों की कतार, और पीछे चलते अंगरक्षक—पूरा नगर उसके इस गर्वपूर्ण प्रस्थान को देखने लगा। लोग बोले, "अमरसेन आज स्वयं बुद्ध से मिलने जा रहा है, अब देखना क्या परिणाम होता है।"

जब वह बुद्ध के आश्रम पहुँचा, तो उसे देखकर वहाँ के भिक्षु शांत भाव से खड़े हो गए। सबने प्रणाम किया, लेकिन बुद्ध ने कोई औपचारिक स्वागत नहीं किया। वे शांत भाव से एक वृक्ष के नीचे बैठे थे। उनके चेहरे पर एक अद्भुत शांति थी—ऐसी शांति, जिसे देखकर मन का सारा कोलाहल थम जाए। अमरसेन ने सामने जाकर कहा, "भिक्षु, मैंने सुना है तुम बहुत ज्ञानी हो। लोग कहते हैं कि तुम्हारे उपदेश से मनुष्य का जीवन बदल जाता है। पर मैं देख रहा हूँ, तुम्हारे पास न धन है, न वैभव। ऐसे में तुम इस संसार की सच्चाई क्या समझ सकते हो?"

बुद्ध ने उसकी ओर देखा, मुस्कुराए और बोले, "आओ, भीतर चलो।" वे दोनों एक छोटे कक्ष में पहुँचे। भीतर हल्का अंधकार था। बुद्ध ने अपने शिष्य से कहा कि द्वार बंद कर दो। फिर वे बोले, "भद्र पुरुष, क्या मैं तुम्हारी वह अंगूठी देख सकता हूँ जो तुम्हारे हाथ में इतनी चमक रही है?"

अमरसेन ने गर्व से कहा, "यह अंगूठी सत्रह रत्नों से बनी है, जो मुझे काशी के राजा ने उपहार में दी थी।" उसने अंगूठी उतारी और बुद्ध को थमा दी। बुद्ध ने वह अंगूठी हाथ में ली, और बिना कुछ कहे अचानक फर्श पर गिरा दी। अंगूठी फर्श पर लुढ़कती हुई कहीं अंधेरे में खो गई।

अमरसेन चौंक गया। उसका चेहरा तमतमा उठा। वह झुककर खोजने लगा, पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। वह घबराकर बोला, "तुम्हें पता है यह कितनी कीमती है? मैं इसे यूँ ही खो नहीं सकता!" बुद्ध ने शांत स्वर में कहा, "तो प्रकाश करो। अंधेरे में कुछ नहीं दिखेगा।"

अमरसेन ने तुरंत अपने सेवक को बुलाया और कहा, "जल्दी करो, आग लाओ, दीपक जलाओ।" थोड़ी देर में पत्थर रगड़कर आग निकाली गई और दीप जलाया गया। रोशनी फैलते ही फर्श के एक कोने में अंगूठी की चमक दिखाई दी। वह दौड़कर वहाँ गया और अंगूठी उठा ली। उसके चेहरे पर राहत की झलक आई।

बुद्ध ने कहा, "अब बताओ, तुम्हारी कीमती अंगूठी किसके कारण तुम्हें वापस मिली?" अमरसेन ने उत्तर दिया, "इस पत्थर की वजह से, जिसने आग उत्पन्न की।" बुद्ध मुस्कुराए, "तो क्या यह साधारण पत्थर तुमसे अधिक मूल्यवान हुआ? क्योंकि इसने तुम्हारी कीमती वस्तु को तुम्हें वापस दिलाया।"

अमरसेन चुप हो गया। बुद्ध ने आगे कहा, "यह संसार भी ऐसा ही है। तुम स्वयं को रत्न समझते हो और दूसरों को पत्थर। पर जब अंधकार छा जाता है, तब वही पत्थर प्रकाश लाता है। वही सामान्य जन, जिन्हें तुम तुच्छ समझते हो, समाज में प्रकाश का कारण बनते हैं। किसान खेत में हल चलाता है, तभी तुम्हारे घर में अन्न पकता है। कुम्हार मिट्टी से घड़ा बनाता है, तभी तुम्हें जल मिलता है। मजदूर पसीना बहाता है, तभी तुम्हारे महल खड़े रहते हैं। यदि ये सब न हों, तो तुम्हारे रत्नों का कोई अर्थ नहीं। रत्न तभी चमकता है जब उसके आसपास प्रकाश हो—और प्रकाश वही जलाता है, जिसे तुम नगण्य मानते हो।"

बुद्ध के ये शब्द बिजली की तरह अमरसेन के मन में उतर गए। उसका चेहरा झुक गया। उसकी आँखें भर आईं। उसने कांपती आवाज़ में कहा, "भगवान, आज तक मैं अंधकार में जी रहा था। मैंने धन को ही सब कुछ समझ लिया था, पर आज मुझे समझ आया कि सच्ची कीमत तो दूसरों के प्रति सम्मान में है। मैं वचन देता हूँ कि अब से किसी को नीचा नहीं समझूँगा।"

उस दिन से उसका जीवन पूर्णतः बदल गया। उसने अपने खेतों में मजदूरों को बराबर का अधिकार दिया। उसने गाँव में एक सभा स्थापित की, जहाँ हर व्यक्ति, चाहे वह गरीब हो या अमीर, एक साथ बैठता और भोजन करता। उसके घर में अब पहले जैसी कठोरता नहीं रही। वहाँ करुणा, सहानुभूति और प्रेम का वातावरण फैल गया।

वर्षों बाद जब लोग उसके जीवन की चर्चा करते, तो कहा करते, "वह जमींदार जिसने कभी गरीब को अपने दरवाज़े तक नहीं आने दिया, आज उनके बीच बैठकर रोटी बाँटता है।"

गौतम बुद्ध की यह कथा हमें यही सिखाती है कि अहंकार सबसे गहरा अंधकार है। जो व्यक्ति दूसरों को तुच्छ समझता है, वह स्वयं अपने भीतर का प्रकाश खो देता है। और जो विनम्र बनता है, वह संसार का सबसे उजला दीप बन जाता है।

धन से शक्ति मिलती है, पर करुणा से प्रकाश मिलता है — और जब यह दोनों मिल जाते हैं, तब मनुष्य दंभी नहीं, दयालु बन जाता है, और उसी क्षण वह अंधकार से उजाले की ओर बढ़ जाता है।

बैंकों से बेहतर है सहकारी नेटवर्क, बेहतर बदलाव की पहल

बढ़ई, कुम्हार, सुनार और दर्जी आदि 18 पारंपरिक पेशे से जुड़े लोगों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एक नई उम्मीद लेकर आई थी। इसके तहत इन्हें कौशल प्रशिक्षण, आधुनिक औजार और बिना जमानत के छोटा ऋण देने का प्रविधान है, ताकि वे आज की तकनीकी दुनिया में फिर से खड़े हो सकें। सितंबर 2023 में 13,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू हुई इस योजना का लक्ष्य देश के ग्रामीण जीवन से संबंधित पारंपरिक पेशे थे।

दो साल बाद कागज पर तो आंकड़े उत्साहजनक दिखते हैं, क्योंकि इस योजना के तहत तीन करोड़ से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं, पर सच्चाई कुछ और है। अब तक सिर्फ 4.65 लाख कारीगरों को 4,000 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 2,200 करोड़ रुपये ही वास्तव में वितरित हुए और मात्र 224 करोड़ रुपये की वापसी हुई है। पंजीकरण और वास्तविक कर्ज वितरण के बीच यह फासला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि संरचनात्मक कमी दर्शाता है। यह बताता है कि भारत में आर्थिक कल्याणकारी योजनाओं का सबसे बड़ा रोड़ा बैंकिंग व्यवस्था ही है। निजी बैंक सरकार का विरोध नहीं कर रहे, बस नियमों का चतुराई से पालन कर रहे हैं। आरबीआइ ने सभी बैंकों को आदेश दिया है कि वे अपनी कुल ऋण पुस्तिका का 40 प्रतिशत कृषि, लघु उद्योग क्षेत्र के साथ कमजोर वर्गों को दें। निजी बैंक प्राथमिकता क्षेत्र के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्य को पूरा करने के बजाय प्राथमिकता क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र खरीद लेते हैं। ये प्रमाणपत्र वे उन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से खरीद सकते हैं, जिन्होंने अपने लक्ष्य से अधिक ऋण वितरित किया हो।

कुछ बैंक अपने दायित्व को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों या माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के माध्यम से पूरा करने का दावा करते हैं। कागज पर वे नियम पूरा करते हैं, लेकिन हकीकत में विश्वकर्मा ऋण देने के मामले में निजी बैंकों का रिकार्ड निराशाजनक है। पीएम जन धन योजना में भी निजी बैंकों की हिस्सेदारी मुश्किल से तीन प्रतिशत है। निजी बैंकों का तर्क है कि दो लाख रुपये का एक छोटे कारीगर को दिया गया ऋण उतने ही कागजी काम और लागत मांगता है, जितना 20 लाख का कार लोन, पर मुनाफा बहुत कम।

कारीगरों के पास न जमानत होती है, न डिजिटल ऋण इतिहास, जिससे जोखिम बढ़ जाता है। सरकारी गारंटी भी केवल आंशिक नुकसान कवर करती है। ऐसे में शेयरधारकों से संचालित संस्थानों के लिए यह काम आकर्षक नहीं है। इसके उलट सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक लगभग पूरा बोझ उठाते हैं-चाहे जन धन, मुद्रा या विश्वकर्मा जैसी योजनाएं हों, लेकिन सीमित स्टाफ और सख्त नियामक बोझ के कारण उनकी क्षमता सीमित है। जब कर्ज अटकता है तो जनता के सामने दोष बैंक या सरकार, दोनों को झेलना पड़ता है।

जब निजी बैंक पीछे हट रहे हों और सार्वजनिक बैंक थक चुके हों, तो समाधान सहकारिता ढांचे में है। यह भारत की सबसे पुरानी और भरोसेमंद वित्तीय व्यवस्था है। सहकारी ऋण समितियां और जिला सहकारी बैंक 'सामाजिक गारंटी' पर काम करते हैं, जहां हर सदस्य की गारंटी दूसरा सदस्य देता है। यह सामुदायिक भरोसा उन कारीगरों के लिए अधिक उपयोगी है, जिनके पास औपचारिक रिकार्ड नहीं है। इन संस्थाओं में डिफाल्ट दर औसतन दो प्रतिशत के आसपास रहती है, जो अधिकांश सूक्ष्म ऋणों से बेहतर है।

कई राज्यों में सहकारी संस्थाएं डेरी, हैंडलूम और ग्रामीण उद्यमों में गहराई से जुड़ी हैं। उन्हें स्थानीय व्यापार और मौसमी आय का अनुभव है। एक कुम्हार या बढ़ई भले फिनटेक न समझे, सहकारी संस्था को समझता है। यदि विश्वकर्मा योजना को इन सहकारी नेटवर्क से जोड़ा जाए तो यह योजना वास्तव में जन-संचालित बन सकती है, जैसे उत्तर प्रदेश के बुनकर समाज या गुजरात की डेरी सहकारिताओं में हुआ है।

सरकार को चाहिए कि सहकारी और जिला केंद्रीय बैंकों को निर्धारित बैंकों की तुलना में बेहतर ऋण गारंटी दे, क्योंकि इनका सामाजिक आधार अधिक गहरा है। नाबार्ड या सिडबी के माध्यम से कारीगर ऋणों के लिए पुनर्वित्त सुविधा खोली जा सकती है। प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का डिजिटलीकरण 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इन्हें भी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। जो सहकारिताएं ऋण वितरण और वसूली में अच्छा प्रदर्शन करें, उन्हें ब्याज सब्सिडी या प्रशासनिक सहायता दी जा सकती है। सरकार एनईएफटी/आरटीजीएस शुल्क, केवाईसी सत्यापन और क्रेडिट ब्यूरो फीस जैसी छोटी, पर बार-बार आने वाली लागतें भी सहकारिताओं के लिए माफ कर सकती है। एक विशेष कोष बनाकर उन सहकारिताओं के प्रशासनिक खर्च का कुछ हिस्सा वापस किया जा सकता है, जो वित्तीय समावेशन के लक्ष्य पूरे करती हैं। यह सच है कि कई सहकारी संस्थाएं पूंजी की कमी, कमजोर प्रबंधन या डिजिटलीकरण की कमी से जूझ रही हैं, पर इन्हें सुधारा जा सकता है।

पारदर्शी आडिट, पदाधिकारियों का रोटेशन एवं सरकार से कार्यशील पूंजी सहयोग जैसी पहलें भरोसा बहाल कर सकती हैं। प्रशिक्षण शिविर सहकारिता प्रबंधन में ईमानदारी और दक्षता बढ़ाएंगे। असली वित्तीय समावेश तभी होगा हम जब उन संस्थाओं को मजबूत करें, जो अपने लोगों को जानती हैं, क्योंकि क्रेडिट केवल पूंजी नहीं, भरोसा भी है।

अभियान

भक्त प्रह्लाद की पुकार पर प्रकट हुए भगवान नरसिंह और दैत्यराज बलि के गर्व को तोड़ने वाले वामनदेव

सृष्टि के आरंभ से ही जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, जब-जब असुरों का अत्याचार धर्म और सत्य को डूबाने लगा, तब-तब भगवान श्रीहरि विष्णु ने अपने भक्तों की रक्षा और संतुलन की स्थापना के लिए अवतार लिया। उनके प्रत्येक अवतार का एक ही उद्देश्य रहा — सत्य की रक्षा और अहंकार का अंत। भगवान के प्रत्येक रूप में भक्ति, करुणा और न्याय की झलक मिलती है। ऐसे ही दो अद्भुत और रहस्यमय अवतारों की कथा है — नरसिंह अवतार और वामन अवतार की, जिनमें भगवान ने एक ओर भक्त प्रह्लाद को अभय दिया, तो दूसरी ओर दैत्यराज बलि के गर्व को विनम्रता में बदल दिया।

बहुत प्राचीन काल में ऋषि कश्यप और उनकी पत्नी दिति के दो पुत्र हुए — हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप। ये दोनों अत्यंत बलवान और तेजस्वी असुर थे। हिरण्याक्ष ने अपनी शक्ति के घमंड में आकर पृथ्वी को पाताल लोक में डुबा दिया था। तब भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर पृथ्वी को समुद्र से बाहर निकाला और हिरण्याक्ष का वध किया। अपने भाई की मृत्यु से हिरण्यकश्यप का हृदय क्रोध से भर गया। उसने प्रतिज्ञा ली कि वह अपने भाई की मृत्यु का बदला अवश्य लेगा। वह हजारों वर्षों तक मंदराचल पर्वत पर खड़े होकर घोर तपस्या करने लगा। उसकी तपस्या से तीनों लोक कंपित हो उठे। अंततः ब्रह्माजी प्रकट हुए और बोले, "वर मांगो, हे असुरराज।" हिरण्यकश्यप ने धूर्तता से वरदान माँगा कि न वह दिन में मरे, न रात में; न धरती पर, न आकाश में; न मनुष्य से, न पशु से; न अस्त्र से, न शस्त्र से, और न घर के भीतर, न बाहर।

ब्रह्मा जी का वरदान पाकर हिरण्यकश्यप का अहंकार सातवें आकाश तक पहुँच गया। उसने देवताओं को परास्त कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। उसके शासन में किसी को भगवान का नाम लेने की अनुमति नहीं थी। सबको आदेश था कि केवल हिरण्यकश्यप की ही पूजा की जाए। जो उसके आदेश का उल्लंघन करता, उसे दंड दिया जाता। उसके अत्याचार की सीमा तब और बढ़ी जब उसने अपने ही पुत्र प्रह्लाद को भी इस अंधकारमय अधर्म में शामिल करने की कोशिश की।

परंतु प्रह्लाद अपने पिता से बिल्कुल भिन्न था। वह बचपन से ही भगवान विष्णु का परम भक्त था। उसका मन सदा "ॐ नमो नारायणाय" के जप में लीन रहता था। हिरण्यकश्यप के लिए यह असहनीय था कि उसका पुत्र उस विष्णु की आराधना करे जिसने उसके भाई का वध किया था। उसने कई बार प्रह्लाद को मारने का प्रयास किया — कभी विष पिलाया, कभी हाथियों के पैरों तले कुचलवाने की कोशिश की, कभी आग में बैठाया, परंतु हर बार भगवान विष्णु ने किसी न किसी रूप में अपने भक्त की रक्षा की।

आखिरकार जब हिरण्यकश्यप का क्रोध अपनी सीमा पार कर गया, तो उसने प्रह्लाद से पूछा, "कहाँ है तेरा विष्णु? क्या वह तेरी रक्षा करने आएगा?" प्रह्लाद ने शांत स्वर में कहा, "पिता, वह सर्वत्र हैं — हवा में, जल में, पत्थर में, मेरे हृदय में और इस स्तंभ में भी।" यह सुनकर हिरण्यकश्यप हँसा और गर्जना करते हुए बोला, "क्या इस स्तंभ में है तेरा विष्णु?" उसने गदा उठाई और स्तंभ पर प्रहार किया।

क्षण भर में स्तंभ फट पड़ा, और उसमें से एक भयानक गर्जना गूँज उठी — वह गर्जना जिसने ब्रह्मांड के कोने-कोने को हिला दिया। उस स्तंभ से प्रकट हुए भगवान नरसिंह — आधे सिंह और आधे मानव के रूप में। उनकी आँखों में अग्नि की ज्वाला थी और उनके नखों से दिव्य प्रकाश फूट रहा था। उन्होंने हिरण्यकश्यप को दरवाजे की चौखट पर, जो न घर के भीतर थी न बाहर, अपने जंघाओं पर रख लिया और अपने तेज नखों से उसका वक्ष फाड़ दिया। यह दिन और रात के बीच का समय था — संध्या। इस प्रकार न दिन था न रात, न मनुष्य था न पशु, न अस्त्र था न शस्त्र, और न घर के भीतर न बाहर — ब्रह्मा के वरदान का रहस्य पूर्ण हुआ और अधर्म का अंत हो गया।

भक्त प्रह्लाद ने अपने प्रभु के उस उग्र रूप को देख आँसुओं में स्नान कर लिया और कहा, "प्रभु, आप मेरे रक्षक हैं। आपके चरणों में ही सारा विश्व सुरक्षित है।" नरसिंह भगवान ने उसे आशीर्वाद दिया और कहा कि सच्चे भक्त के लिए भगवान सदैव साक्षात उपस्थित रहते हैं।

कथाओं का प्रवाह यहीं समाप्त नहीं होता। त्रेतायुग में फिर से असुरों का प्रभाव बढ़ा। दैत्यराज बलि, जो अपने पराक्रम और बल से तीनों लोकों का स्वामी बन चुका था, धर्म से भटक गया। उसके अंदर दानशीलता थी, पर साथ ही गर्व भी। देवता पराजित होकर स्वर्ग से वंचित हो गए। वे सब ब्रह्मा और इंद्र के साथ भगवान विष्णु के पास गए और कहा, "प्रभु, हमारे लोक असुर बलि के अधीन चले गए हैं। वह आपका भक्त है, पर अहंकार में अंधा हो गया है।"

भगवान विष्णु ने मुस्कुराकर कहा, "मैं उसका अहंकार दूर करूँगा, पर दया से, युद्ध से नहीं।" और उन्होंने वामन रूप धारण करने का संकल्प लिया — एक छोटे से ब्राह्मण बालक का। भाद्रपद मास की द्वादशी तिथि को मां अदिति के गर्भ से ऋषि कश्यप के पुत्र के रूप में उन्होंने जन्म लिया। यह था वामन अवतार — भगवान का पाँचवाँ अवतार।

जब वामन ब्रह्मचारी के रूप में राजा बलि के यज्ञ में पहुँचे, तो सब लोग उस तेजस्वी बालक को देखकर मुग्ध रह गए। उनके एक हाथ में कमंडलु, दूसरे में छाता और चरणों में पवित्र प्रभा थी। वामन ने विनम्र स्वर में कहा, "हे राजन्, मैं आपसे केवल तीन पग भूमि चाहता हूँ।" राजा बलि हँसकर बोले, "हे बालक, मैं आपको तीन लोक भी दे सकता हूँ, आप तो केवल तीन पग मांगते हैं?"

गुरु शुक्राचार्य ने चेताया, "राजन, यह कोई साधारण बालक नहीं, स्वयं विष्णु हैं। ये तुम्हारा अहंकार तोड़ने आए हैं। सावधान रहो।" पर बलि ने कहा, "जिसे मैं दान दे चुका, उससे पीछे नहीं हटता। भले ही यह स्वयं भगवान हों, मैं अपना वचन नहीं तोड़ूँगा।"

वामन ने मुस्कुराकर दान स्वीकार किया, और उसी क्षण उनका शरीर बढ़ने लगा। उनका सिर बादलों को छू गया, उनकी आँखों में सूर्य चमक उठा, और पाँवों की गति से पृथ्वी काँप उठी। एक पग में उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी नाप ली, दूसरे पग में आकाश और स्वर्ग लोक। जब तीसरे पग की बारी आई, तो कहीं स्थान नहीं बचा। राजा बलि ने सिर झुका दिया और कहा, "प्रभु, तीसरा पग मेरे सिर पर रख दीजिए।"

भगवान वामन ने अपना पग उसके सिर पर रखा और उसे पाताल लोक भेज दिया। लेकिन उन्होंने उसे श्राप नहीं, आशीर्वाद दिया। बोले, "राजन, तुम्हारी वचनबद्धता ने मुझे प्रसन्न किया है। तुम पाताल लोक के राजा बनो, और मैं स्वयं तुम्हारे द्वार पर तुम्हारी रक्षा हेतु उपस्थित रहूँगा।"

कहते हैं कि आज भी भगवान वामन, राजा बलि के द्वार पर पहरा देते हैं, ताकि कोई उसकी प्रतिज्ञा को भंग न करे।

